## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सिकल सेल रोग से भारत को 2047 तक मुक्त बनाने से लक्षित ऐतिहासिक पहल पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का एक लेख साझा किया। अपने सोशल मीडया हैंडल पर श्री मोदी ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन एक नए युग को दर्शाता है। यह समानता, गरिमा सुनिश्चित करने और आनुवंशिक विकार से निपटने का परिचायक है।

*****************

लोकसभा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब समिति 2025 के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। भाजपा सांसद पी. पी. चौधरी ने संविधान के **एक सौ उनतीसवाँ संशोधन** विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट के संबंध में प्रस्ताव पेश किया।

*****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म 16 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा में होगा। इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नौ आइपीएस अधिकारियों और 40 डीएसपी की तैनाती की गयी है। ये अधिकारी 14 से 16 अगस्त तक नेमरा में रहेंगे। इस बीच दिशोम गुरु के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आज आठवें दिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप  श्राद्ध कर्म का विधान पूरा किया।

*****************

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज रांची पहुंचे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा गए। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को अपने पिता शिबू सोरेन से संघर्षों और विचारधारा की विरासत मिली है।

*****************

पाकुड़ में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान बच्चों ने तिरंगा लेकर शहरी इलाके का भ्रमण किया।

*****************

डालटनगंज के तरहसी प्रखंड कार्यालय के सामने भूमिहीन किसानों ने स्वामित्व प्रमाण पत्र की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले आयोजित इस धरने में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। महासभा के प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो ने कहा कि 1989 से जमीन पर कब्जा और खेती करने के बावजूद अब तक पात्र किसानों को पर्चा और मालिकाना हक नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि सभी पात्र किसानों को तुरंत पर्चा दिया जाए और भूमि मामलों में अनियमितताओं को रोका जाए।

*****************

जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल को साकची से डिमना स्थानांतरित किए जाने के विरोध में लोगों ने आज प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग को असुविधा हो रही है, डिमना तक सार्वजनिक परिवहन की कमी और लंबी दूरी के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से साकची में प्राथमिक और आपात चिकित्सा केंद्र की पुनः स्थापना और डिमना अस्पताल तक सस्ती सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

*****************

पाकुड़ जिले के अगहनी धान और भदई मक्का की खेती कर रहे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित करने का काम चल रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जिसमें सर्वाधिक 102.2 मिलीमीटर  वर्षा जमुई में दर्ज की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस सरायकेला और गोड्डा में, जबकि न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया।

**************